**खबर संक्षेप**

### अक्षत कलश के द्वारा यात्रा निकाली कलश यात्रा



**उमारिया।** जिला समन्वयक रविंद्र शुक्ला के मार्गदर्शन मे ग्राम लगवारी मे अक्षत कलश के द्वारा यात्रा निकाली एवं ग्रामीणों को तिलक लगा कर अक्षत दे कर श्री राम जी के नाम का मुद्रित गमछा भेट किया गया। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के अयोध्या में अपनी जन्मभूमि में विराजमान का सादर निमंत्रण दिया गया। जन अभियान परिषद के इस यात्रा मे शासकीय माध्यमिक विद्यालय लगवारी के छात्र-छात्राएं व शिक्षक राम सुवन तिवारी, सचिव संपत यादव व ग्रामीणजन व सेक्टर 3 की परामर्शदाता जयभारती साहू सी एम सीएलडीपी छात्र-छात्राएं अंशिका मिश्रा, ममता जैन, आरती यादव, प्रियंका तिवारी, राजकुमार यादव, नरेन्द्र पाल, महेंद्र, विकास उपस्थित रहे।

### कृषकों के दल को कलेक्टर ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**उमरिया।** उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग के तत्वाधान में राज्य योजन्तर्गत तीन दिवसीय कृषक प्रशिक्षण सह भ्रमण कार्यक्रम के तहत 60 कृषको का दल जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, आधार ताल जबलपुर को रवाना हुआ। जबलपुर में तीन दिन तक कृषक खेती बाड़ी की आधुनकि तकनीकों के बारे में जानकारी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों से प्राप्त करेंगे। साथ ही विश्वविद्यालय में अवस्थित विभिन्न विभागों एंव प्रक्षेत्रों का भ्रमण करेंगे। कृषकों के दल को कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम ने हरी झण्डी दिखाकर जबलपुर के लिए रवाना किया। इस अवसर पर सहायक संचालक उद्यान उमारिया झंनक सिंह मरावी, उप संचालक कृषि खेलावन डेहरिया, भ्रमण दल प्रभारी मस्तराम राम सिंह, वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी करकेली, जिला तकनीकी शाखा प्रभारी डॉ मनोज यादव, प्रभारी वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी मानपुर एवं पाली महेश प्रसाद धुर्वे सहित कृषक गण उपस्थित रहे।

## राम भगवान पथ गमन मार्ग के सभी स्थलों का होगा विकासः मुख्यमंत्री

# चित्रकूट का अयोध्या की तरह होगा विकासः मुख्यमंत्री

राम वन पथ गमन के विकास की कार्य योजना को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जायेगा

**सतना।** चित्रकूट के ग्रामोदय विश्वविद्यालय सभागार में श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास की प्रथम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुये मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि चित्रकूट सहित राम वन पथ गमन मार्ग के सभी प्रमुख स्थलों का विकास किया जायेगा। इसके लिये पूरी कार्य योजना बनाकर उसे चरणबद्ध तरीके से लागू किया जायेगा। इसमें अधोसंरचना विकास के कार्यों के साथ-साथ धार्मिक चेतना, आध्यात्मिक विकास और राम कथा से जुड़े आयामों को भी शामिल किया जायेगा। चित्रकूट का अयोध्या की तरह विकास करके इसे भगवान राम के जीवन से जुड़ा सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल बनाया जायेगा। विद्वानों के परामर्श से राम वन पथ गमन के प्रमुख स्थलों का विकास किया जायेगा। चित्रकूट के दीवाली मेले तथा अमावस्या मेले में रामकथा और राम के जीवन से जुड़ी प्रदर्शनी एवं राम वन पथ गमन से जुड़ी जानकारियां प्रदर्शित करायें। इनका व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें।

## ग्वालियर से बैंगलोर हवाई सेवा का किया शुभारंभ






ग्वालियर से बैंगलोर की हवाई सेवा का शुभारंभ किया गया। वर्चुअल माध्यम से दिल्ली से केंद्रीय विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया तथा चित्रकूट से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इसका शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि नई हवाई सेवा ग्वालियर को सिलिकॉन वैली बैंगलोर,देश की राजधानी दिल्ली और आध्यात्मिक राजधानी अयोध्या से जोड़ेगी। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा विमानन मंत्री श्री सिंधिया के नेतृत्व में मध्यप्रदेश ही नहीं पूरे देश में हवाई सेवा का तेजी से विस्तार हो रहा है। पुष्पक विमान का उल्लेख रामायण में है। यह हमे भगवान राम से जोड़ता है। नई हवाई सेवा ग्वालियर से अयोध्या जाने का अवसर देकर आध्यात्मिक संस्कृति का परचम फहरायेगी। भगवान राम ने उत्तर से दक्षिण तक और भगवान कृष्ण ने पूर्व से पश्चिम तक सनातन धर्म का परचम फहराया। ग्वालियर में सिंधिया जी के मार्गदर्शन में 15 माह के रिकॉर्ड समय में ग्वालियर हवाई अड्डे में नये टर्मिनल का विकास पूरा किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सभी जिलों में हवाई टैक्सी, एयर एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। समारोह में केंद्रीय विमानन मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि इस वर्ष रीवा,सतना और दतिया में हवाई सेवा शुरु होगी। अभी हमने मकर संक्रांति सहित कई त्यौहार मनाये हैं। ऐसे पावन समय पर ग्वालियर से बैंगलोर की हवाई सेवा शुरु हो रही है। यह हवाई सेवा ग्वालियर को दिल्ली और अयोध्या से भी जोड़ेगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री जी ग्वालियर के विकास के कार्य प्राथमिकता से कर रहे हैं। जिससे ग्वालियर वासियों को कई सौगातें मिल रही हैं। हाल ही में 500 करोड़ की लागत से ग्वालियर में नया हवाई टर्मिनल बनाया गया है। अब ग्वालियर में 33 विमान सेवाओं के माध्यम से 13 शहरों में जोड़ने का अवसर मिल गया है। जबलपुर और रीवा में एयरपोर्ट विकास तथा सतना हवाई पट्टी के विकास का कार्य तेजी से किया जा रहा है। समारोह में केंद्रीय राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये। समारोह में वर्चुअल माध्यम से ग्वालियर,भोपाल तथा अन्य शहरों से जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी सम्मिलित रहे।

# आईएसडी प्रतिनिधि मंडल की टीम विंध्य के भ्रमण पर

### कृषि आश्रित समाज के भूले-बिसरे उपकरणों के संग्रहालय एवं बीज बैंक का किया अवलोकन



**सतना।** समूचे देश में साझी विरासत का संदेश लेकर शोषित पीड़ित वंचितों व समाज में व्याप्त विभिन्न तरह की सामाजिक कुरीतियों के विरोध में कार्य कर रही इंस्टीट्यूट फॉर सोशल डेमोक्रेसी (आईएसडी) संस्थान का 5 सदस्यीय प्रतिंनिधिमंडल सतना जिले के भ्रमण पर है। जिसका नेतृत्व सुरेन्द्र सिंह रावत कर रहे हैं। इस दल में तेज सिंह ठाकुर उत्तराखंड,बिमला कार्की हिमांचल प्रदेश,एनी नकबी एवं कृष्णा दिल्ली शामिल हैं। भ्रमण के दौरान उचेहरा जनपद क्षेत्र के पिथौराबाद गांव पहुंच पद्मश्री बाबूलाल दाहिया द्वारा विकसित किए गए कृषि आश्रित समाज के भूले बिसरे उपकरणों के संग्रहालय एवं बीज बैंक सहित खेत में लगे हुए 25 प्रकार के गेंहूओं कि किसानों का भी अवलोकन किया। इसके साथ ही रामलोटन कुशवाहा के औषधि पौधों की वाटिका भरहुत स्तूप सहित जिले के अन्य पुरातत्विक स्थलों को भी देखा।

### लोक साहित्य भर नहीं, बल्कि लोक अन्न भी हो रहे समाप्त

प्रतिनिधि मंडल की सदस्य एनी नकबी ने खेती किसानी व अनाजों की किस्मों पर कई प्रश्न भी किए जिसका श्री दाहिया ने बखूबी विस्तार से जवाब दिया उपकरणों के संग्रहालय बनाने एवं परम्परागत बीज बचाने की प्रेरणा के प्रश्न के जवाब पर उन्होंने बताया की वो एक बघेली कवि व लेखक थे जो आदिवासी लोककला परिषद भोपाल के लिए विंध्य क्षेत्र के लोकोक्तियों,कहावतों,लोक कथाओं,एवं लोकगीतों के संकलन आदि का काम करते हुए उन्हें महसूस हुआ कि अब अनेक कहावतें और लोकगीत,लोक कथाएं आदि तो परम्परा -गत अनाजों पर ही हैं। उदाहरण के लिए-तीन पाख दुइ पानी। पक आईं कुटकी रानी। धान बोबय करगी। सुमर खाय न समधी।। धान बोबय सिकिया। महतारी खाय न बिटिया।।आदि-आदि। परन्तु आज लोक साहित्य भर समाप्त नही हो रहा जिसे बचाने के लिए हम काम करते हैं बल्कि हमारे लोकअन्न भी तो समाप्त हो रहे हैं जो हजारों वर्षो से यहां की परिस्थिति की में रचे बसे हैं?अस्तु उन्हें भी बचाने लगे। पर बाद में यह भी महसूस हुआ कि खेती की नई पद्धति आ जाने से न सिर्फ हमारा लोक साहित्य और परम्परागत अनाज समाप्त हो रहे हैं बल्कि हमारे कृषि आश्रित समाज के समस्त उपकरण,बर्तन आदि भी तो खत्म हो रहे हैं? इसलिए इनको भी संरक्षित करने की जरूरत है। क्योंकि गाँव में अगर एक भी ट्रेक्टर वाहन आता है तो न सिर्फ वह 10 जोड़ी बैलों को घर से निकाल दिया जाता है,बल्कि अगर उससे एक हल भी चला गया तो हल से जुड़े जुआं,ढोलिया,ओइरा,बांसा आदि पचासों छोटे-बड़े उपकरण भी चलन से बाहर हो जाते हैं। इसलिए बाद में इनके लिए भी एक संग्रहालय विकसित करने की जरूरत हुई। यूं भी देखा जाए कि यदि हम किन्ही राजा महाराजाओं के किले में बने म्यूजियम में जाते हैं तो वहां उनके पूर्वजों के ढाल-तलवार,भाला, बरछी आदि प्रदर्शित हैं।आज उन अस्त्र शस्त्रों से युद्ध तो नही लड़े जाते? क्योंकि युद्ध के लिए तो आधुनिक अस्त्र शस्त्र हैं। वह इसलिए रखें हैं कि उनसे उनके पूर्वजों के बहादुरी का इतिहास जुड़ा है। इसी तरह इन कृषि उपकरणों से जहां हमारे कृषक पूर्वजों की समूची कृषि संस्कृति जुड़ी है वहीं उन अपढ़ अनाम लोक विद्याधरों के हुनर का इतिहास भी जिनके हाथ में पहले समस्त ग्राम बिकास की धुरी ही हुआ करती थी। बस इसीलिए हमने परम्परागत बीजों का बीज बैंक और उन उपकरणों का भी एक म्यूजियम बना डाला है।




## क्षेत्र की समस्याएं बनेगी चुनावी मुद्दा

### सामुदायिक,श्रमजीवी एवं सहयोगी संगठन ने मैहर में आयोजित की बैठक

**सतना।** सामुदायिक समस्याओं को चुनावी मुद्दा बनाने के उद्देश्य को लेकर सामुदायिक संगठन श्रमजीवी एवं सहयोगी संगठन सतना के द्वारा समाधान पाटिल एवं विजय सेन की उपस्थित में मैहर में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमे जिले के कई समाजिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित होकर अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को चिन्हित कराया है। इस दौरान एकता परिषद संस्था के संतोष सिंह,काग्रेस नेत्री रश्मि सिंह, काग्रेस आईटी सेल के आदित्य प्रताप सिंह,मानवाधिकार संगठन के जिला अध्यक्ष बैजनाथ कुशवाहा, श्रमजीवी संगठन के अध्यक्ष ललित सिंह,सचिव अनीता सिंह गोंड अमरपाटन से रामनिहोर दाहिया के अलावा अन्य पदाधिकारी के साथ अमरपाटन रामनगर विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए और क्षेत्र की समस्याओं पर अपनी बात रखी वहीं ललित सिंह पूरे कार्यक्रम के की अगुवाई की सभी संगठनों ने अपनी अपनी जिम्मेदारी उठाने का संकल्प लिया।

### सभी राजनैतिक दलों को सौंपा जायेगा घोषणा पत्र

संगठन के सुरेंद्र दाहिया ने बताया कि इस सामुदायिक बैठक में मुख्य रूप से विस्थापन,वनाधिकार,शिक्षा एवं किसानों से जुड़े मुद्दे चिन्हित कराए गए हैं। इस मुद्दों को लेकर एक घोषणा पत्र तैयार किया जा रहा है। जिसे लोकसभा चुनाव के समय सभी राजनैतिक दलों को सौपा जायेगा। जिसे जनसंवाद 2024 का नाम दिया गया है

### अपर कलेक्टर एवं एसडीएम ने की जनसुनवाई

**उमरिया।** जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम एवं एसडीएम बांधवगढ अमित सिंह ने विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख अधिकारियों की उपस्थिति में जिले भर से आये आवेदकों की समस्यायें सुनी तथा उनका निराकरण भी कराया। जनसुनवाई में दयाशंकर शुक्ला ने मध्यप्रदेश पूर्वी क्षेत्र वितरण कंपनी व्दारा बिना किसी सूचना एवं कारण के सेवा से पृथक किए जाने, ग्राम डिगिया से आए जीवनलाल प्रजापति ने घर आने जाने का रास्ता दिलाने, ग्राम हिरौली से आए सूर्य प्रकाश शुक्ला ने वन विभाग व्दारा अधिग्रहित भूमि का मुआवजा दिलाने, ग्राम चंदवार से आई फूल बाई ने वृध्दावस्था पेंशन का लाभ दिलाने, ग्राम महुरा से आए दल्ली ने कालरी द्वारा अधिग्रहित भूमि के बदले कालरी में नौकरी दिलाने, ग्राम देवदण्डी से आई रानी बाई ने उज्जवला योजना का लाभ दिलाने, ग्राम कर्री से आए लामू सिंह ने वन भूमि काबिज का वनाधिकार के तहत पट्टा दिलाने, नौगजा चंदिया से आए केशव साहू ने भूमि का सीमांकन कराने संबंधी आवेदन किया।

# नागौद में सतना जिला कार्यकारणी की बैठक सम्पन्न



**नागौद।** प्रदेश का सबसे बड़ा सामाजिक संगठन वैश्य महासम्मेलन म.प्र. सतना जिला कार्यकारिणी की बैठक नागौद के आनंदम रेस्ट हाउस में सम्पन्न हुई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संगठन के प्रदेश संगठन मंत्री सुधीर अग्रवाल एंव अध्यक्षता प्रदेश महामंत्री रीवा संभाग प्रभारी हरिओम गुप्ता ने की सभी का स्वागत नागौद तहसील के अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता ने आभार कौशल किशोर सोनी ने एंव कार्यक्रम का सफल संचालन संजय सोनी ने किया। सुधीर अग्रवाल ने सतना,मझगवां रामपुर बघेलान,उचेहरा,बिरसिंहपुर,नागौद,कोटर, कोठी,जैतवारा,चित्रकूट से पधारे जिला इकाई,महिला,युवा,तहसील इकाई के पदाधिकारियों से संगठन द्वारा किये जा रहे कार्यो की समीक्षा की एंव संगठन को ग्राम पंचायत स्तर तक विस्तार करने की बात कही उन्होंने कहा कि राजनीति पार्टियां हमारी संख्या बल होने के बावजूद वैश्य समाज के लोगो का सिर्फ दोहन कर रही है हमे उपयोग एंव उपभोग की वस्तु समझ रखा है यह हम सबके लिये चिंतनीय विषय है हम सबको मिल बैठ कर राजनीतिक पार्टियों के प्रमुख लोगो से बात कर कोई कठोर निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने प्रदेश कार्यालय द्वारा घोषित युवा इकाई को क्रिकेट टीम गठित करने,वैश्य दिवस,मेधावी छात्रों का सम्मान, पारिवारिक पिकनिक,रक्तदान शिविर,गरबा,निःशुल्क कोचिंग,वृक्षरोपण पर्सनाल्टी डेवलपमेंट जैसे कार्यक्रम करने को कहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हरिओम गुप्ता ने कहा संगठन में शक्ति होती है हमारा समाज परोपकार,समाज सेवा,पीड़ति मानवता की सेवा के लिए जाना जाता है वैश्य महासम्मेलन वैश्य समाज के लोगो के लिए सुरक्षा की गारंटी है पूरे म.प्र.में आप कही भी रहे आपके ऊपर कोई संकट आता है तो यह संगठन ऐसा संगठन है आपकी वही हर सम्भव मदद कर सकता है।

## पटना खुर्द में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुये मुख्यमंत्री

# सभी प्रकार की सुविधा आपके हाथों में पहुंचाने की गारंटी है विकसित भारत संकल्प यात्राः डॉ मोहन यादव

**सतना।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि गरीब विकसित भारत संकल्प यात्रा गरीब व्यक्ति के घर-घर तक शासन की योजनाओं का लाभ और सुविधाओं को पहुंचाने की गारंटी है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और राज्य सरकार मिलाकर डबल इंजन वाली सरकार प्रदेश के विकास में नये-नये कीर्तिमान बनायेगी। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मंगलवार को सतना जिले के मझगवां विकासखंड के दूरस्थ आदिवासी बाहुल्य गांव पटनाखुर्द में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।





इस मौके पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को हितलाभ भी वितरित किये। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि सतना जिले के चित्रकूट की इस धरती में भगवान श्रीराम ने वनवास के दारौन 11 वर्षों तक यहां निवास किया। वनवासियों को गले लगाया और माता शबरी के जूठे बेर खाकर मानवता को धन्य किया। उन्होने कहा कि यह आचरण केवल सनातन धर्म में ही मिलता है। उन्होने कहा कि वर्तमान का समय चित्रकूट,सतना और अयोध्या के लिये अलौकिक और अद्वितीय है। यहां 22 जनवरी को भगवान श्रीरामलला अपनी जन्मभूमि में विराजमान होने वाले हैं और यह पवित्र कार्य देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में होने जा रहा है।उन्होने कहा कि यह अवसर है कि सभी अपने घरो में 22 जनवरी को दीवाली मनाकर अपने उल्लास और उत्साह को आत्मसात कर जीवन को धन्य बनायेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में हितग्राहियों को सांकेतिक रुप से हितलाभ वितरित किये। उन्होने लाडली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत कुमारी कासमी और पायल को बचत प्रमाण पत्र,प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में अभिलाषा,नीतू,शोभावती को स्वस्थ बालक प्रतियोगिता में, निशा और हरदीप सिंह को उज्जवला योजना में,सुनीता,प्रतिमा,प्रमिला को निःशुल्क गैस कनेक्शन, आजीविका मिशन में सिद्धबाबा महिला स्व-सहायता समूह और अंबेडकर स्व-सहायता समूह पिण्डरा को सीसीएल के रुप में 5-5 लाख रुपये के चेक तथा सुग्रीव सिंह को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ यादव को कृष्णा पांडेय और क्षेत्रीय किसानों ने हल भेंट किया। मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह के रुप में राम दरबार की प्रतिकृति मूर्ति और महिला स्व-सहायता समूह द्वारा बनाये गये चित्र तथा उत्पाद भेंट किये गये। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के पूर्व विद्यालयीन छात्राओं ने मुख्यमंत्री को पुष्प भेंटकर स्वागत किया।मुख्यमंत्री ने बालिकाओं को स्कूल बैग और अन्य उपहार भी वितरित किये। इस मौके पर नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी,सांसद गणेश सिंह,पूर्व राज्यमंत्री रामखेलावन पटेल, विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार,विधायक विक्रम सिंह,महापौर योगेश ताम्रकार,जिला पंचायत अध्यक्ष राम खेलावन कोल,जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह,पूर्व विधायक शंकरलाल तिवारी,स्पीकर राजेश चतुर्वेदी,जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा,जनपद अध्यक्ष रेणुका पटेल,कृष्णा पांडेय उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री के हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने पर स्थानीय लोक नर्तकों ने लोक नृत्य करमा से मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

### 51 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सतना जिले के मझगवां विकासखंड के दूरस्थ गांव पटनाखुर्द में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में जिले के लगभग 51 करोड़ रुपए लागत के 38 विकास कार्यों की सौगात दी। इसमें सतना जिले के 28 करोड़ 10 लाख रुपए लागत के 24 नवनिर्मित विकास कार्यों का लोकार्पण और 22 करोड़ 74 लाख रुपए लागत के 14 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया गया।

### मुख्यमंत्री ने कामतानाथ के दर्शन किए

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भगवान राम की तपोस्थली चित्रकूट धाम में अनादि श्री कामतानाथ जी के मुखार विंद के दर्शन किए। उन्होंने भगवान श्री की आरती की तथा विधि विधान से पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की।

### पटनाखुर्द पहुंचने पर मुख्यमंत्री का हुआ स्वागत

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मंगलवार को सतना जिले के मझगवां विकासखंड के गांव पटनाखुर्द की विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होने हेलीकॉप्टर से पहुंचे। हेलीपैड पहुंचने पर मुख्यमंत्री डॉ यादव का आत्मीय स्वागत जिले के जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किया गया। मुख्यमंत्री डॉ यादव की अगवानी नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी,सांसद गणेश सिंह,पूर्व राज्यमंत्री रामखेलावन पटेल,विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार,विधायक विक्रम सिंह,महापौर योगेश ताम्रकार,जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल,जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह,पूर्व विधायक शंकरलाल तिवारी, स्पीकर राजेश चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा,एडीजीपी केपी व्यंकटेश्वर राव,कलेक्टर अनुराग वर्मा, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता सहित प्रशासनिक अधिकारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर की।

## खबर संक्षेप

### गणतंत्र दिवस की तैयारी बैठक आज

**पन्ना।** कलेक्टर हरजिंदर सिंह की अध्यक्षता में आगामी गणतंत्र दिवस की रूपरेखा एवं कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में बुधवार, 17 जनवरी को बैठक होगी। कलेक्टर कार्यालय के सभागार में शाम 5 बजे से आयोजित बैठक में सर्वसंबंधित अधिकारियों से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

### गौपालन एवं पशुधन संवर्धन समिति की बैठक 18 जनवरी को

**पन्ना।** जिला गौपालन एवं पशुधन संवर्धन समिति की बैठक गुरूवार, 18 जनवरी को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में होगी। समिति के सचिव डॉ. डी.पी. तिवारी ने सभी संबंधितजनों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

### शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष बनाए गए त्रिपाठी

**दमोह।** प्राथमिक माध्यमिक उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ का विस्तार करते हुए जिला अध्यक्ष पवन खरे ने शरद त्रिपाठी जिला उपाध्यक्ष विकासखंड पटेरा एवं पुष्पेंद्र सिंह राजपूत जिला उपाध्यक्ष विकासखंड जबेरा को मनोनीत किया। शरद त्रिपाठी एवं पुष्पेंद्र सिंह राजपूत को प्राथमिक माध्यमिक उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष बनने पर श्री आरिफ अंजुम, कैलाश असाटी, मोहन ठाकुर, मुकेश श्रीवास्तव, विजय सिंह लोधी, पारस साहू, नरेंद्र नामदेव, संजय गांगरा, शिवराम कुर्मी, बलराम चौबे, रघुवीर सर ने शुभकामनाएं बधाई दी।

### विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**दमोह।** विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने की दृष्टि से राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा निर्धारित समय चक्र अनुसार एवं कलेक्टर मयंक अग्रवाल द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान किए जाने के उद्देश्य से दिए गए निर्देशों के तहत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विषयों पर आधारित मॉडल विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित किए गए। निर्धारित मापदंडों के अनुसार चयनित मॉडल के विद्यार्थियों में रुकसाना बानो, रागिनी बंसल, उत्तम कुमारी राजपूत, अंशिका पटेल और दुर्गेश राजपूत को पुरस्कृत किया गया एवं उनके मॉडल का चयन अगले चरण की प्रदर्शनी के लिए किया गया। मेले का आयोजन मार्गदर्शी शिक्षक माधव पटेल एवं जगपाल सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

### अयोध्या से आये अक्षत कलश से अक्षत चावल निमंत्रण स्वरूप घर-घर किये वितरित

**दमोह।** एक नया अध्याय लिखने जा रहा है अयोध्या धाम श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को होने जा रही है अयोध्या से आये अक्षत कलश से अक्षत चावल का 1 जनवरी से 16 जनवरी तक हर घर घर जाकर वितरण किया जा रहा है अयोध्या में बन रहे प्रभु श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होनी है जिसके आमंत्रण स्वरूप अक्षत कलश आए हैं इन कलश में पीले चावल रखे हुए हैं जिनका 1 जनवरी से 16 जनवरी तक घर-घर जाकर वितरित किया जा रहा है एवं 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को अपने नगर एवं गांव के मंदिरों में धूमधाम से एवं भव्य तरीके से मनाए जाने की अपील की जा रही है,हर घर घर निमंत्रण अक्षत निमंत्रण स्वरूप दिए जा रहे हैं इसी कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत गाड़ाघाट के अंतर्गत कुसमी, गाड़ाघाट, अक्षत वितरण दौरान मुख्य रूप से पंडित नितिन तिवारी, सुरेश यादव,जमना सिंह,सुमित,मुकेश यादव एवं अन्य राम भक्तों की उपस्थिति रही,इसी प्रकार ग्राम पंचायत कुम्हारी,कुलुवा,पटेरिया एवं समस्त तहसील के अंतर्गत सभी ग्रामों में अक्षत वितरण निमंत्रण स्वरूप कार्यक्रम चलाया जा रहा है राम भक्तों द्वारा और सभी तरफ सभी राममय नजर आ रहे हैं।

# शिक्षा की पद्धति बनी प्रयोगशाला, शिक्षकों को परीक्षा के समय भी प्रशिक्षण चर्चा में

शिक्षक की नियुक्ति व डाइट प्रशिक्षण संस्थान में जहां डीएड. व शिक्षकों को बी.एड में भी शिक्षा प्रदान करने के लिये प्रशिक्षण पूर्व में ही दिये जा चुके है वहीं शिक्षा के प्रयोग व पद्धति को लेकर जहां शिक्षा की गुणवत्ता व सुदृढता के प्रयास के दावे भले किये जा रहे है पर इस पर परीक्षा के समय जहां शिक्षकों का प्रशिक्षण में समय व्यतीत करवाना वहीं रिजल्ट में बेहतर परिणाम की उम्मीदें कैसे होंगे सपने साकार

**पन्ना।** जिले में शिक्षा विभाग को लेकर लंबे अर्से से जहां शिक्षकों को तरह-तरह के प्रशिक्षण प्रदान किये जाते है जबकि शिक्षक की नियुक्ति योग्यता के आधार पर विषयवार की जाती है वहीं डी.एड, व बी.एड, के प्रशिक्षण के आधार पर जिन्हें शिक्षा प्रदान करने के लिये उचित माना जाता है इसके बाद भी शिक्षकों को भी समय-समय पर शिक्षा में कई तरीके से प्रयोग शिक्षा में गुणवत्ता व सुधार को लेकर जारी रहते है। आखिर शिक्षकों को पढ़ाने का समय वहीं उनकी निहित जिम्मेदारी जहां कई तरह के दायित्वों के निर्वाहन में भी लगाने को लेकर जाना जाता है। साथ ही अन्य विभागों की बात करें तो उनके पास स्वयं के विभाग का उत्तरदायित्व होता है जबकि शिक्षा विभाग के शिक्षकों में स्वयं के



विभाग के साथ-साथ अन्य विभागों के दायित्व भी निर्वाहन करने पड़ते है वहीं ऐसे प्रशिक्षण जो शिक्षा प्रदान करने के लिये उन्हें बार-बार दिये जाते है यह कहां तक लाजमी है। वहीं शिक्षक को स्वतंत्र करते हुये उनके विषयमान से छात्रों में दक्षता साबित करने के लिये क्यों नहीं समय प्रदान किया जाता है एक तरफ हम विद्यालयों में परीक्षा परिणाम में बेहतर स्थिति को लेकर भी शिक्षकों को जिम्मेदार मानते है वहीं परीक्षा के ठीक पहले इस तरह से प्रशिक्षण में समय गवांना क्या छात्रों के साथ यह जो समय है कैसे शिक्षक उन्हें शिक्षा प्रदान करने के लिये समय दे सकेंगे। आखिर शिक्षा में सुधार के नाम पर परीक्षा परिणामों के समय को लेकर कब सचेत होंगे ताकि आने वाले समय में परीक्षाओं में जिले का परीक्षा परिणाम विगत वर्ष के परीक्षा परिणामों से बेहतर स्थिति को लेकर जाना जाये। यहां इस तरह के प्रशिक्षण या तो बजट को ठिकाने लगाने के लिये या फिर समय का ख्याल न रखते हुये असमायिक समय के प्रशिक्षण कह सकते है। आखिर कब तक शिक्षा पद्धति में प्रशिक्षणों का दौर चलता रहेगा कब शिक्षा पद्धति को लेकर शिक्षकों को स्वतंत्र किया जायेगा उनकी स्वयं की योग्यता से जहां छात्रों को शिक्षा मिल सके विषयवार शिक्षकों की नियुक्ति जब की गई है तो फिर इन प्रशिक्षणों की जरूरत क्या वहीं प्राथमिक शिक्षा की बात करें तो प्रयोग व प्रशिक्षण शिक्षकों के लिये बच्चों की तरह कब तक जारी रहेंगे आखिर क्या प्राथमिक शिक्षा प्रदान करने के लिये शिक्षकों की योग्यता में सवाल है अपने आप में कई तरह के प्रश्न जिम्मेदारों से स्वयं सवालों का जवाब चाह रहे है। जहां हमें भावी समय में प्रतिसपर्धा के दौर में प्राथमिक शिक्षा की नींव छात्रों की सुदृढ करने की जरूरत है वहीं यह तरह-तरह के प्रयोग अपने आप में समय गवांने को लेकर चर्चा में है।

# संभागायुक्त ने ली बैठक, विकास कार्यों की जानकारी लेकर दिए आवश्यक निर्देश



**पन्ना।** संभागायुक्त डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत ने आज अल्प प्रवास पर खजुराहो से पन्ना आगमन पर विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। साथ ही आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दृष्टिगत जिले के विभिन्न मंदिरों और सार्वजनिक स्थानों पर आवश्यक तैयारियों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जनप्रतिनिधियों के साथ आम नागरिकों की भी कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को शासन के निर्देशानुसार कार्यालयों में साफ सफाई सहित निर्धारित गतिविधियों और प्राण प्रतिष्ठा समारोह के सीधे प्रसारण की व्यवस्था और प्रचार प्रसार के संबंध में भी निर्देशित किया। जनअभियान परिषद सहित महिला एवं बाल विकास विभाग और शिक्षा विभाग की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित करने तथा सौंपी गई जिम्मेदारियों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करने के लिए कहा। संभागायुक्त डॉ. रावत ने मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 20 जनवरी को सागर में प्रस्तावित संभागीय समीक्षा बैठक के लिए समय पूर्व जरूरी तैयारियों के लिए भी निर्देश दिए। बृहस्पति कुंड और सिद्धनाथ मंदिर के विकास कार्यों की जानकारी भी ली। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में सतना जिले के चित्रकूट में आयोजित राम वनगमन पथ न्यास की बैठक में भी एनआईसी वीसी कक्ष से वर्चुअली शामिल हुए। इस अवसर पर कलेक्टर हरजिंदर सिंह, जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## राजकीय पशु बारहसिंगा को देख रोमांचित हुए छात्र



**पन्ना।** मध्य प्रदेश शासन,स्कूल शिक्षा विभाग ,एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित पर्यटन क्विज प्रतियोगिता जिला स्तरीय पर आयोजित की गई जिसमें जिले की समस्त टीमों में से लिस्सू आनंद हायर सेकेंडरी स्कूल,कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवेंद्रनगर ,एवं बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवेंद्रनगर की टीम विनर के रूप में घोषित हुई थी ।शासन के नियमानुसार इन तीनों विद्यालयों के विनर विद्यार्थियों को तीन दिवस एवं दो रातों का कान्हा किसली का भ्रमण पर्यटन विभाग द्वारा करवाया गया जिसमें लिस्सु आनंद स्कूल के छात्रा कु.भूमि अग्रवाल, शेख तनवीर, अनस अली ,कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवेंद्रनगर के प्रतिभागी कु .अंशिका सोनी, कु.श्रेया तिवारी, कु.विजेता कुशवाहा एवं बालक देवेंद्रनगर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रतिभागी अंश सोनी और अमन बिल्थरिया सहित मार्गदर्शी शिक्षक एवम क्विज मास्टर रामकिशोर गर्ग एवं मार्गदर्शी शिक्षिका कुमारी संगीता कुजूर 13 जनवरी को सुबह कान्हा किसली के लिए रवाना हुए। कान्हा किसली के कार्यक्रम में अगली सुबह नेचर ट्रेल का आयोजन किया गया जिसमें नेचर ट्रेल के माध्यम से सभी विद्यार्थियों ने वनस्पतियों एवं जंगली जीवों के प्राकृतिक रहवासों के बारे में नजदीक से जाना। सायंकालीन समय में सभी प्रतिभागियों को टाइगर सफारी कराई गई जिसमें जंगल के राजा शेर को इतने नजदीक से देखना अपने आप में रोमांचकारी था। राजकीय पशु बारहसिंगा को देखकर सभी विद्यार्थी आनंदित हो गए।पन्ना जिले की टीम का शाम को अनेक प्रकार की सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ रोचक जानकारी का आदान-प्रदान प्रतिभागी एवं मार्गदर्शी शिक्षकों के द्वारा किया गया ।पंद्रह जनवरी को वापसी में मंडला फोर्ट एवं जबलपुर होते हुए समस्त प्रतिभागी सकुशल वापस पन्ना आए। समस्त प्रतिभागी विद्यार्थी एवं मार्गदर्शी शिक्षकों ने उक्त कार्यक्रम के लिए जिला शिक्षा अधिकारी श्री सूर्यभूषण मिश्रा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी अशोक मिश्रा, नोडल अधिकारी पर्यटन क्विज प्रमोद अवस्थी के प्रति आभार व्यक्त किया। उक्त कार्यक्रम में सभी व्यवस्थाएं पर्यटन विभाग की तरफ से प्रथम श्रेणी की उपलब्ध कराई गई थी। विद्यार्थियों के इस भ्रमण पर कन्या देवेंद्रनगर के प्राचार्य शिवजी राय, बालक देवेंद्रनगर की प्राचार्य श्रीमती उषा तिवारी, लिस्सू आनंद स्कूल के प्राचार्य के द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

## 21 जनवरी तक शासकीय कार्यालयों में भी चलेगा विशेष सफाई अभियान

भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के संबंध में निर्देश

**पन्ना।** कलेक्टर हरजिंदर सिंह ने शासन के निर्देशानुसार आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में प्रस्तावित भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजन के दृष्टिगत अधिकारियों और विभाग प्रमुखों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। 16 से 22 जनवरी तक प्रत्येक मंदिर में जनसहयोग से राम कीर्तन इत्यादि के आयोजन, जिले के सभी मंदिरों में दीप प्रज्ज्वलित करवाने, हर घर में दीपोत्सव के लिए आमजन को जागृत करने सहित राम मंडलियों को मोहल्लों व ग्रामों में कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रेरित करने तथा मुख्य मंदिरों में अयोध्या के कार्यक्रम का टी.वी. स्क्रीन के माध्यम से सजीव प्रसारण के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही मंदिरों में कार्यक्रम आयोजन के दौरान आमजनों की सहभागिता तथा आवश्यक व्यवस्थाओं के अलावा प्रमुख मंदिरों में ट्रस्ट व समितियों द्वारा धर्म गुरूओं से समन्वय कर 22 जनवरी को भण्डारों का आयोजन करने के लिए कहा गया है। मंदिरों में साफ-सफाई, रोशनी, दीप प्रज्ज्वलन इत्यादि के साथ ही भगवान श्रीराम-जानकी आधारित सांस्कृतिक आयोजन आम नागरिकों के लिए मंदिर ट्रस्ट और समितियों के माध्यम से करने के लिए भी निर्देशित किया गया है। नगरीय क्षेत्र में नगरीय विकास एवं आवास विभाग तथा ग्रामों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से आगामी 21 जनवरी तक विशेष सफाई अभियान संचालित करने, सभी शासकीय भवनों और स्कूल एवं कॉलेज में साज-सज्जा सहित शासकीय कार्यालयों में 16 से 21 जनवरी तक विशेष सफाई अभियान संचालित करने तथा 21 से 26 जनवरी तक सभी शासकीय कार्यालयों में रोशनी व्यवस्था के लिए निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान सलेहा में संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित श्रीराम चरित लीला समारोह के दौरान 16 से 18 जनवरी तक सभी आवश्यक व्यवस्थाएं तथा सड़क मार्गों से अयोध्या जा रहे तीर्थ यात्रियों के सम्मान व स्वागत की व्यवस्थाएं स्थानीय निकायों और स्थानीयजनों के सहयोग से सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। जिला कलेक्टर ने आवश्यक दायित्वों के निर्वहन के लिए अधिकारियों की नियुक्ति भी की है।

# विधायक प्रहलाद लोधी का अंदाज संकल्प यात्रा में जनता को भा रहा है

**जिम्मेदार अधिकारियों को खुले मंच से लताड़ते हुये याद दिला रहे है कि बाप का राज नहीं जनता का राज**

### जनता हमारे लिये माता-पिता की तरह वहीं समस्त विभागों को ली क्लास जो नहीं आया संकल्प यात्रा में उस पर कार्यवाही के लिये स्वयं से जिम्मेदारों को चेताया

**पन्ना।** क्षेत्र में समस्त विभागों को संकल्प यात्रा के दौरान दी नसीहत, सिंचाई विभाग हो या लोक निर्माण विभाग जनता के लिये अब सबको जिम्मेदारी साबित करनी होगी सिंचाई विभाग की नहरें टूटी पड़ी है उसको लेकर विधायक ने साफ शब्दों में कहा कौन है सिंचाई विभाग से क्षेत्र में तालाब बहुत नहरें टूटी कैसे हो सिंचाई। वहीं एक बार फिर जनता के सामने आपने दोहराया आखिर क्यों नहीं आये सिंचाई विभाग से जिम्मेदार क्या इनके बाप का राज है यह अंदाज जनता को भाया। जनता ने बजाई ताली विधायक ने साबित किया स्वयं के शब्दों से अब जनता का राज है साथ ही हम




जनता के साथ है आप लोगों को कोई भी समस्या है तो कुंआताल तक आ जायें आने-जाने का किराया भी दूंगा समस्या का निदान भी करूंगा पवई विधायक प्रहलाद लोधी इन दिनों अब माताओं बहनों व जनता के लिये खुले मंच से अधिकारियों को सख्त लहजे में सचेत करते हुये दी चेतावनी। एक तरफ सड़क बनती है दूसरी तरफ उखड़ती जाती है लोक निर्माण विभाग को आड़े होंथों लिया वहीं किसी भी विभाग का अधिकारी हो अब खैर नहीं जनता के लिये विभाग प्रमुखों को अपनी जवाबदेही को लेकर कार्य करना होगा। यह पवई विधानसभा के विधायक प्रहलाद लोधी का रूख है जनता के लिये जिस तरह से पवई विधायक की कार्यप्रणाली संकल्प यात्रा के दौरान खुले मंच से देखने को मिल रही है उससे आम जनता का उत्साह भी कुछ आगे विधायक के लिये सुखमय समय को लेकर माना जा रहा है। जनता ने जनप्रतिनिधि के रूप में जो चुना अब जनता के साथ प्रहलाद लोधी जनप्रतिनिधि के रूप में निभा रहे जिम्मेदारी। वहीं यह भी कहने से पीछे नहीं रहे कि हमस ब जनता के नौकर है यह दरियादिली विधायक प्रहलाद लोधी की जनता में बखूबी उत्साह को लेकर मानी जा रही है। इतना ही नहीं अपनी जनता को माता-पिता की तरह मानते हुये सम्मान से अपने आप जो व्यक्त किया उसको लेकर भीर आम जनता विधायक की मुरीद बन रही है।

# राजस्व महाअभियान में सभी राजस्व अधिकारी राजस्व के प्रकरणों का करें निराकरण

## राजस्व महाअभियान 29 फरवरी तक

**पन्ना।** राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेख में इंद्राज त्रुटियों को ठीक करने के उद्देश्य से 15 जनवरी से 29 फरवरी तक राजस्व महाअभियान का संचालन किया जाएगा। महाअभियान का प्रमुख उद्देश्य राजस्व न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों (नामांतरण, बँटवारा, सीमाकंन, अभिलेख दुरुस्ती इत्यादि) का समय सीमा में निराकरण, नए राजस्व प्रकरणों को दर्ज कराना, नक्शे पर तरमीम, पीएम किसान का सेचुरेशन एवं समग्र का आधार से ई-केवायसी और खसरे की समग्र-आधार से लिंकिंग सहित आमजन की राजस्व से संबंधित समस्याओं का निराकरण करना है। कलेक्टर हरजिंदर सिंह ने जिले में महाअभियान के दौरान जो गतिविधियाँ सम्पादित की जानी है, के संबंध में सभी राजस्व अधिकारियों एवं राजस्वकर्मियों को दिशा-निर्देश जारी कर महाअभियान से संबंधित सभी कार्य शत प्रतिशत पूरे करना सुनिश्चित करने और हर रोज की रिपोर्ट उपलब्ध कराने के लिए ताकीद किया है।

### राजस्व महाअभियान के दौरान क्रियान्वित गतिविधियां

पटवारी पूर्व निर्धारित समय सारणी के अनुसार गांव में खसरा, बी-1 का वाचन करेंगे। ये कार्यवाही 7 दिवस में पूरी की जाए। समग्र ई-केवायसी तथा समग्र से खसरे की लिंकिंग, समग्र वेब पोर्टल, एमपी ऑनलाइन व सीएससी के कियोस्क के माध्यम से समग्र में आधार की केवायसी कराने की सुविधा नागरिकों को निःशुल्क उपलब्ध रहेगी तथा इस हेतु निर्धारित राशि संबंधित कियोस्क को विभाग द्वारा प्रदान की जायेगी। सभी खातेदारों और उनके परिवार के सदस्यों की ई-केवायसी करने के लिए प्रेरित किया जाए। लैंड पार्सेल को समय से लिंक करने के लिए एक यूटिलिटी विकसित की गयी है। कियोस्क पर सुविधा भी नागरिकों को निःशुल्क उपलब्ध करायी गयी है तथा इस हेतु भी निर्धारित राशि संबंधित कियोस्क को विभाग द्वारा प्रदान की जायेगी। लैंड पार्सेल को समय से लिंक करने की कार्यवाही को महाअभियान के दौरान पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। महाअभियान के अंतर्गत राजस्व सम्बन्धी प्रकरण आरसीएमएस में दर्ज कराए जाएँगे। नागरिकों की सुविधा के लिए लोक सेवा केंद्र के अलावा अब एमपी ऑनलाइन और सीएससी के कियोस्क के माध्यम से भी आरसीएमएस पर प्रकरण दर्ज कराए जा सकेंगे।

### आरसीएमएस पर लंबित प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण

राजस्व अधिकारियों दवारा 31 दिसंबर 2023 की स्थिति में समय सीमा पार कर चुके लम्बित प्रकरणों को चिन्हित किया जाएगा तथा न्यायालय में नियमित सुनवाई आयोजित कर नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरुस्ती के प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। प्राथमिकता से पुराने प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। ये सुनिश्चित किया जाएगा कि अभियान अवधि में 6 माह से अधिक लम्बित प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण कर लिया जाए। साथ ही अभियान के दौरान प्राप्त अविवादित प्रकरणों का निराकरण भी अभियान अवधि में सुनिश्चित किया जायेगा। प्राप्त नामांतरण अविवादित होने की स्थिति में 1 माह की समय सीमा के भीतर निराकरण किया जाएगा तथा बंटवारा संबंधी प्रकरण अविवादित होने की दशा में तीन माह की समय सीमा में निराकरण किया जाएगा। साथ ही यह प्रमाण पत्र प्रेषित किया जाएगा कि सभी निराकृत प्रकरणों का अभिलेख में अमल सुनिश्चित किया जा चुका है।

### उत्तराधिकार नामांतरण

रिकार्ड में बहुत से भूमि स्वामी ऐसे दर्ज हैं, जिनकी मृत्यु काफी समय पहले हो चुकी है. परन्तु उनके उत्तराधिकारियों के पक्ष में नामांतरण का प्रकरण दर्ज नहीं हुआ है। महाअभियान के तहत उत्तराधिकार नामांतरण के प्रकरणों को दर्ज कर निराकरण किया जाना है और 29 फरवरी 2024 तक ये प्रमाण पत्र प्रेषित किया जायेगा कि 31 दिसंबर 2023 तक के इस प्रकार के समस्त अविवादित नामांतरण का निराकरण कर अभिलेख में अमल सुनिश्चित किया गया है।

### सीमांकन

राजस्व अधिकारियों द्वारा 31 दिसंबर 2023 की स्थिति में समय सीमा पार कर चुके लंबित प्रकरणों को चिन्हित किया जाएगा तथा ऐसे चिन्हित प्रकरणों का सीमांकन करने की कार्यवाही अभियान के दौरान पूर्ण की जाएगी। कुछ ग्रामों के खतरा तथा नक्शे में लिंक स्थापित नहीं है और नागरिकों को उपलब्ध कराये जा रहे नक्शे पूर्णतः शुद्ध नहीं है। खसरा एवं नक्शा में एकरुपता नहीं होने से संबंधित कृषकों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसके संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। बंटवारा आदेश के आधार पर यदि खसरे में तो बटांकन किया गया, परंतु उसकी तरमीम नक्शे पर अमल नहीं की गई हो, तब इस प्रकार की त्रुटि नक्शों में दिखाई देने पर ग्राम नक्शा में उपलब्ध खसरा बटाक्रम सूची के अनुसार भूलेख पोर्टल पर नक्सा बटांकन मॉड्यूल के माध्यम से पटवारी एवं तहसीलदार द्वारा नक्शे में तरमीम अमल का कार्य किया जा सकता है। वर्तमान में इस प्रकार की तरमीम के प्रकरण काफी अधिक संख्या में लंबित है। इसे सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर सुधार किया जाएगा। नक्शों के दो पार्सल में एक ही खसरा नंबर दर्ज होने की त्रुटि में भी सुधार किया जाएगा।

### नक्शे में बटांकन होना एवं खसरे में नहीं होना

यदि किसी खसरा नंबर के नक्शे में बटांकन दर्ज है किन्तु खसरे में मूल नंबर प्रदर्शित हो रहा है तो नक्शे में दर्ज बटांको को मर्ज कर खसरा अनुसार मूल नंबर के रूप में परिवर्तित किया जा सकता है। इस प्रकार की त्रुटि का सुधार भूलेख पोर्टल पर ग्राम नक्शा बटांकन मॉड्यूल के माध्यम से तहसीलदार द्वारा किया जाएगा। सभी शामिल खसरो को बंदोबस्त के रिकॉर्ड एवं वर्तमान खसरा नक्शे एवं कब्जे के आधार पर रिकॉर्ड दुरुस्त किया जाएगा।

# अबोध बच्ची के साथ दुष्कर्म की वारदात

## रेप के बाद कड़कड़ाती ठंड में खेत में बच्ची को फेंककर फरार हुआ आरोपी पुलिस और चिकित्सकों के विरोध में परिजनों ने किया चक्काजाम

छतरपुर।

जिले के सटई थाना क्षेत्र से एक बेहद शर्मनाक एवं मानवता को तार-तार करने वाली घटना सामने आई है। दरअसल सटई थाना क्षेत्र के एक गांव में 45 वर्षीय व्यक्ति ने मात्र 5 साल की अबोध बालिका को अपनी हवश का शिकार बना डाला। अपने घटिया मंसबूों को अंजाम देने के बाद आरोपी बालिका को कड़कड़ाती ठंड में एक खेत के किनारे फेककर भाग गया था। बाद में परिजन बच्ची को जिला अस्पताल लाए। अस्पताल में इलाजरत बच्ची अब खतरे से बाहर है, और उसकी हालत में सुधार बताया गया है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक सटई थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 5 वर्षीय बच्ची सोमवार की दोपहर 3 बजे घर से लापता हो गई थी। परिजन लगातार उसकी तलाश कर रहे थे, इसी बीच उन्हें सूचना मिली कि बच्ची गांव के पास खेतों में पड़ी हुई है। मौके पर पहुंचे परिजन बच्ची की हालत देखकर तत्काल समझ गए थे कि किसी ने उसके साथ घृणित कार्य किया है। परिजन बच्ची को उठाकर तत्काल सटई थाने पहुंचे। चूंकि एफआईआर वरिष्ठ अधिकारियों के आने के बाद दर्ज की जानी थी और बच्ची की हालत बिगड़ती जा रही थी इसलिए परिजन बिना मामला पंजीबद्ध कराए बच्ची को इलाज के लिए सटई अस्पताल ले गए। अस्पताल में न तो स्टाफ मिला और न ही चिकित्सक जिसके बाद परिजन गंभीर अवस्था में बच्ची एक एक टैक्सी के माध्यम से जिला अस्पताल लाए। वहीं दूसरी ओर इस गंभीर घटना की जानकारी लगते ही पुलिस विभाग अलर्ट हो गया था। डीआईजी ललित शाक्यवार, एसपी अमित सांघी, बिजावर एसडीओपी शशांक जैन, सटई थाना पुलिस के अलावा छतरपुर कोतवाली पुलिस परिजनों के साथ ही जिला अस्पताल पहुंच गई। यहां बच्ची को पीआईसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया। मंगलवार की सुबह राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार भी जिला अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर पुलिस के अधिकारियों को आरोपी के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए।



### पुलिस और चिकित्सकों के विरोध में परिजनों ने किया चक्काजाम

मंगलवार की सुबह से पीड़िता के परिजनों ने सटई नगर में चक्काजाम कर दिया। परिजन सटई थाना पुलिस और सटई सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सकों से नाराज थे। प्रदर्शन कर रहे परिजनों का कहना था कि वे रात करीब 7 बजे बच्ची को गंभीर हालत में थाने लेकर पहुंचे थे लेकिन सटई पुलिस ने मामले को गंभीरता से न लेकर परिजनों तथा पीड़ितों को कई घंटों तक थाने में बैठाए रखा और रात को ही एफआईआर दर्ज नहीं की। जब बच्ची की हालत अधिक बिगड़ने लगी तो परिजन उसे सटई अस्पताल ले गए लेकिन सटई के अस्पताल में पदस्थ चिकित्सक और स्टाफ यहां नहीं मिला जिस कारण से बाद में उन्हें निजी वाहन से बच्ची को जिला अस्पताल ले जाना पड़ा। पुलिस और चिकित्सकों की इसी लापरवाही से नाराज परिजन काफी देर तक चक्काजाम किए रहे। बाद में बिजावर एसडीओपी शशांक जैन ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को समझाइश दी तब जाकर वे शांत हुए।

### पुलिस ने कुछ घंटों में आरोपी को दबोचा

पुलिस अधीक्षक अमित सांघी ने बताया कि रात को जिला अस्पताल में बच्ची को भर्ती कराए जाने के बाद हमने पीड़िता और परिजनों के कथन लिए तथा रात को ही पुलिस की अलग-अलग टीमों को रवाना किया गया। बिजावर एसडीओपी शशांक जैन के नेतृत्व में सभी पुलिस टीमों ने पड़ताल शुरु की ओर जल्द ही आरोपी का पता लगाकर संबंधित स्थानों पर दबिश देते हुए आरोपी को महज कुछ घंटों के भतीर घटना संबंधित गांव से गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी श्री सांघी के मुताबिक आरोपी को पकड़ने के बाद हमने तकनीकी एवं वैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की, जिसमें आरोपी ने इस घिनौनी घटना को अंजाम देने का जुर्म स्वीकार कर लिया। आरोपी की उम्र करीब 45 वर्ष है और वह जिला झांसी उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। वर्तमान में आरोपी थाना सटई क्षेत्र में अपने रिश्तेदार के यहां रह रहा था। आरोपी के विरुद्ध सटई थाना में आईपीसी की धारा 376 के अलावा पॉस्को एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है।

## खबर संक्षेप

### जमीनी विवाद के चलते युवक के साथ मारपीट, एसपी से हुई शिकायत



**छतरपुर।** जिले के बिजावर थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम ऐरोरा में जमीनी विवाद के चलते खेत की रखवाली कर रहे किसान के साथ गांव के ही कुछ लोगों द्वारा मारपीट किए जाने की घटना सामने आई है। पीड़ित युवक के परिजनों ने मंगलवार को एसपी ऑफिस में आवेदन देकर कार्यवाही की मांग की है। ऐरोरा निवासी सुरेश अहिरवार ने बताया कि गांव का रमेश यादव और मोहन यादव उसकी जमीन पर जबरन कब्जा करने की नियत से आए दिन विवाद करते हैं। विगत 10 जनवरी को सुरेश का भाई धनीराम खेतों की रखवाली कर रहा था तभी रमेश और मोहन ने एक अन्य युवक के साथ खेत पर पहुंचकर विवाद किया और इसके बाद धनीराम के साथ मारपीट की। सुरेश के मुताबिक आरोपी धनीराम को कुंए में फेकने का प्रयास कर रहे थे लेकिन किसी तरह उनकी पकड़ से छूटकर धनीराम भाग निकला। सुरेश के मुताबिक उसने 11 जनवरी को बिजावर थाने में रिपोर्ट की थी लेकिन पुलिस द्वारा कार्यवाही नहीं की जा रही है।

### किसी जीव को मारने का भाव मन में आना भी पाप है: आचार्य विराग सागर



**बड़ामलहरा।** सिद्धक्षेत्र द्रोणगिरि में आचार्य श्री विराग सागर महाराज एवं आचार्य विनम्र सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में चल रहे श्री एक हजार आठ भक्ताम्बर मानस्तंभ जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में पंडित जय कुमार निशांत, सनत विनोद जैन रजवास एवं शुभम शास्त्री ने मंगलवार को गर्भ कल्याणक (पूर्व रूप)के दिन सुबह श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा, नित्य पूजन, सकलीकरण, इंद्र प्रतिष्ठा, नांदी विधान किया गया। दोपहर की बेला में योग मंडल विधान के साथ आचार्य श्री की मंगलदेशना हुई, जिसमें आचार्य विराग सागर ने कहा कि किसी जीव को मार देना का भाव मन में आ जाए तो भी पाप होता है। भावों का बहुत बड़ा प्रभाव है, तीर्थंकर ने भी भावों से सोलहकरण भावना भाइ तभी उन्हें तीर्थंकर प्रकृति का बांध हुआ और वे तीर्थंकर हुए। वहीं सांध्यकालीन बेला में संभावना समिति दिल्ली के दौरा महाआरती करवाई गई, जिसमें सनत जैन कुटौरा परिवार को महाआरती का सौभाग्य मिला। उसके साथ ही शास्त्र सभा एवम सौधर्म इंद्र दरवार भी लगाया गया।

### मंदिरों और तालाबों के घाटों पर चलाया जा रहा विशेष स्वच्छता अभियान

**छतरपुर।** 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर अयोध्या में स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यकम आयोजित हो रहा है। जिसके पूर्व संस्कृति विभाग द्वारा प्रसारित निर्देशों के अनुक्रम में कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देशन में छतरपुर जिले के मंदिरों एवं मंदिरो के आसपास और तालाबों के घाटों व निकायों के वार्डों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही जिलें में विभिन्न धार्मिक गतिविधियां आयोजित की जा रही है। 22 जनवरी को मंदिरों में पवित्र नदियों एवं जलाशयों में दीपदान करते हुये प्रकाश व्यवस्था, ग्राम पंचायत एवं वार्डों में रोशनी एवं हर घर दीप प्रज्जवलन किया जाएगा, साथ ही अलग-अलग स्थानों पर प्रभातफेरी एवं कलश यात्रा का आयोजन एक अभियान के रूप किया जाएगा। जिला प्रशासन छतरपुर द्वारा जिलेवासियों से सम्पूर्ण गतिविधियों में शामिल होने तथा अपने घरों में रोशनी और 22 जनवरी को दीपप्रज्जवलन करने की अपील की गई है।

# छतरपुर में बढ़ते हुए थिएटर के आर्टिस्ट: कलेक्टर

## एक नए फिल्म लेखक ने अपनी कहानी को दिया नाट्य रूपांतरण

छतरपुर।

डीएटीसीसी एवं जिला प्रशासन छतरपुर द्वारा कलेक्टर संदीप जी.आर. की पहल पर तीन दिवसीय छतरपुर थिएटर फेस्टिवल का सोमवार को फिल्मिश नाट्य प्रस्तुति के साथ समापन हुआ। यह आयोजन नाट्य प्रेमियों को लुभाने एवं कलाकारों के हुनर को निखारने के लिए किया गया था। छतरपुर थिएटर फेस्टिवल का तीसरे और अंतिम दिवस 15 जनवरी को शाम 6:30 बजे से फिल्मिश (चंडीगढ़) की नाट्य प्रस्तुति का शुभारंभ जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिलेश शुक्ला, कलेक्टर संदीप जी.आर. एवं पुलिस अधीक्षक अमित सांघी के मुख्यातिथ्य में हुआ। कार्यक्रम के दौरान नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती ज्योति चौरसिया भी अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। साथ ही डिप्टी कलेक्टर जी.एस. पटेल, सीएसपी अमन मिश्रा सहित गणमान्य नागरिक एवं नाट्य प्रेमी उपस्थित रहे।



अंतिम दिवस की प्रस्तुति में एक नया फिल्म लेखक जब अपनी कहानी अपने ग्रुप में सुनाता है तो साथ ही उसका नाट्य रूपातंरण भी होता है और तमाम दोस्त अपनी तरह से उसमें बदलाव करते हैं जिससे जबर्दस्त हास्य निकलकर आता है। जिसे नाट्य प्रेमियों द्वारा खूब सराहा गया। उल्लेखनीय है कि शहर के ऑडिटोरियम में चल रहे समारोह के पहले दिन लव बग नाटक की प्रस्तुति मुबई के कलाकारों द्वारा किया गया। दूसरे दिन टेलर मास्टर से ड्रामा डायरेक्टर बन जाने की कहानी को हास्य व्यंग्य के माध्यम से द ग्रेट राजा मास्टर ड्रामा कंपनी का मंचन शंखनाद नाट्य मंच छतरपुर के स्थानीय कलाकारों द्वारा किया गया। अंतिम दिवस की प्रस्तुति के साथ ही छतरपुर थिएटर फेस्टिवल का पर्दा गिरा। अतिथियों द्वारा कलाकारों एवं इस फेस्टिवल में भूमिका निभाने वाली शंखनाद नाट्य की टीम एवं आयोजन के संयोजक शिवेन्द्र शुक्ला सहित पूरी टीम के सदस्यों को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। नाट्य मंच का संचालन एवं आभार प्रदर्शन अंकुर यादव द्वारा किया गया। कलेक्टर श्री जी.आर. ने अपने संबोधन में कहा की जिले के कलाकारों में मंचीय नाट्य प्रस्तुति को निखारने छतरपुर थिएटर फेस्टिवल आयोजित किया गया। जिले में बच्चों को नाटक की बारीकियां सीखाने के लिए समर कैंप भी चलता है। उन्होंने कहा नाट्य प्रस्तुतियों ने जिले में थिएटर लेवल को एक्टिव किया है। छतरपुर जिले के कलाकार भी अच्छा प्रदर्शन कर अन्य जगहों पर प्रस्तुतियां दें। कलेक्टर श्री जी.आर. ने कहा जिले के बच्चे कल्चर आर्ट और मनोरंजन के दिशा में भी प्रयास करें। जिले में बढ़ते हुए थिएटर के अच्छे आर्टिस्ट हैं।

## भव्य रैली के साथ संभागीय युवा उत्सव का आज होगा शुभारंभ

# एमसीबीयू में तीन दिन होंगी 22 स्पर्धाएं

**छतरपुर।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर में संभागीय (अन्तरजिला स्तरीय) युवा उत्सव का शुभारंभ आज 17 जनवरी को प्रातः साढ़े 9 बजे यूनिवर्सिटी परिसर में एक भव्य रैली के आयोजन के साथ होग। रैली में सागर संभाग के सभी जिलों के प्रतिभागी, कलाकार,मैनेजर्स, सहित यूनिवर्सिटी प्रशासन, युवा उत्सव समिति, सभी प्राध्यापकगण, यूनिवर्सिटी स्टाफ, एनसीसी, एनएसएस के वालेंटियर एवं छात्र छात्राएं सम्मिलित रहेंगे। कुलपति प्रो. शुभा तिवारी, कुलसचिव श्री यशवंत सिंह पटेल एवं युवा उत्सव प्रभारी डॉ. ममता बाजपेई के मार्गदर्शन में युवाओं के इस महाकुंभ को उल्लासपूर्वक आयोजित कराने की तैयारियों को पूरा कर लिया गया हैं।

मीडिया समिति के संयोजक डॉ. एसपी जैन एवं सदस्य श्री एनके पटेल के मुताबिक रैली के पश्चात प्रातः 10 बजे शताब्दी हाल परिसर में युवा उत्सव का गरिमामयी उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक श्रीमती ललिता यादव के मुख्य आतिथ्य एवं कुलपति प्रो. शुभा तिवारी की अध्यक्षता में होगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि शासकीय कन्या पीजी कॉलेज, छतरपुर के प्राचार्य डॉ. एलएल कोरी होंगे। युवा उत्सव में विविध प्रकार की साहित्यिक, सांगीतिक, सांस्कृतिक एवं रूपांकन संबंधी 22 विधाओं की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।

**यह स्पर्धाएं होंगी**- युवा उत्सव प्रभारी डॉ. ममता बाजपेई ने सभी प्रतियोगिताओं के लिए प्राध्यापकों को संयोजक नियुक्त किया हैं। उन्होंने बताया है कि आज 17 जनवरी को 12 बजे से न्यू वॉटनी हॉल में वादन (परकुशन एवं नॉन परकुशन) डॉ अर्चना जैन प्राध्यापक के संयोजन में, 3 बजे से न्यू बॉटनी हॉल में एकल गायन (सुगम, पाश्चात्य एवं शास्त्रीय) डॉ मुक्ता मिश्रा के संयोजन में, 12 बजे से विश्वविद्यालय सभागार में प्रश्न मंच डॉ पीके खरे के संयोजन में, 12 बजे से कर्मशिला भवन स्थित चित्रकला विभाग में स्पॉट पेंटिंग डॉ एस के छारी के संयोजन में, 2 बजे से चित्रकला विभाग में क्ले मॉडलिंग डॉ अर्चना चौहान के संयोजन में, 12 बजे से जॉली हॉल में वाद विवाद स्पर्धा डॉ गायत्री बाजपेई के संयोजन में, 2 बजे से आलेख भवन में वक्तृता स्पर्धा डॉ. ओपी अरजरिया के संयोजन में होगी। शताब्दी हॉल परिसर में मिमिक्री स्पर्धा 1 बजे से एवं स्किट स्पर्धा 3 बजे से डॉ के एल पटेल के संयोजन में होगी। 18 जनवरी को न्यू बॉटनी हॉल में 10 बजे से समूह गायन (भारतीय एवं पाश्चात्य) डॉ विभा वासुदेव के संयोजन में, कर्मशीला भवन में 10 बजे से पोस्टर निर्माण डॉ एसके छारी के संयोजन में, चित्रकला विभाग में 2 बजे से कार्टूनिंग डॉ बीएल कुम्हार के संयोजन में, शताब्दी हॉल परिसर में 10 बजे से एकांकी डॉ एनपी प्रजापति के संयोजन में, शताब्दी हॉल परिसर में 2 बजे से मूक अभिनय डॉ बीके अग्रवाल के संयोजन में, कर्मशिल भवन में 2 बजे से रंगोली स्पर्धा डॉ मंजूषा सक्सेना के संयोजन में संपन्न होगी। 19 जनवरी को चित्रकला विभाग में 9 बजे से कोलाज डॉ एसके छारी के संयोजन में तथा शताब्दी हॉल परिसर में प्रातः 9 बजे से एकल नृत्य एवं समूह नृत्य डॉ अमिता अरजरिया के संयोजन में होगी। संभागीय युवा उत्सव का समापन 19 जनवरी 24 को दोपहर एक बजे शताब्दी हाल परिसर में होगा। ज्ञातव्य है कि संभागीय युवा उत्सव में प्रथम आने वाले प्रतिभागी राज्य स्तरीय युवा उत्सव में सहभागिता कर पुरस्कृत होंगे।



# ट्रांजिट विजिट पर खजुराहो विमानतल पहुंचे मुख्यमंत्री

छतरपुर।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को ट्रांजिट विजिट पर नई दिल्ली से वायुयान द्वारा खजुराहो विमानतल पहुंचे। इस मौके पर वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार, पूर्व राज्यमंत्री एवं विधायक ललिता यादव, क्षेत्रीय विधायक अरविन्द पटैरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष विद्या अग्निहोत्री, नगर पालिका परिषद छतरपुर की अध्यक्ष ज्योति चौरसिया, खजुराहो नगर परिषद के अध्यक्ष अरुण कुमार, राजनगर नगर परिषद अध्यक्ष जीतू वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आत्मीय स्वागत किया। प्रशासन की ओर से संभागायुक्त डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत, पुलिस उप महानिरीक्षक ललित शाक्यवार, कलेक्टर संदीप जी. आर., पुलिस अधीक्षक अमित सांघी द्वारा मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। खजुराहो के अल्प प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों से जिले के विकास कार्यों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। साथ ही अधिकारियों को आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर में स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दृष्टिगत जिले में आमजनों की सहभागिता से सफल कार्यक्रम आयोजन के लिए निर्देशित किया। मुख्यमंत्री खजुराहो विमानतल से हेलीकॉप्टर द्वारा सतना जिले के मझगवां और चित्रकूट में आयोजित विभिन्न कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रवाना हुए।

# प्रधानमंत्री उज्जवला योजना सहित विभिन्न योजनाओं का ग्रामीणों को मिल रहा लाभ

छतरपुर।

केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ वंचित हर पात्र हितग्राही को देने के लिए छतरपुर जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। साथ ही विकास कार्यों एवं योजनाओं की जानकारी जन जन तक पहुंचाने के लिए प्रचार रथ गांव-गांव पहुंच रहे हैं।

केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार के मुख्यातिथ्य में मंगलवार को नौगांव विकासखंड के ग्राम सरसेड़ में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ देने के लिए स्टॉल लगाए गए और हितग्राहियों को योजनाओं के लाभ से लाभान्वित किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पीएम स्वनिधि, कृषि विकास सेवाएं, पशु विभाग की योजनाएं, आयुष्मान सहित विभिन्न योजना शामिल हैं। इस दौरान अधिकारियों द्वारा आमजन को योजनाओं की



जानकारी दी गई एवं स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। साथ ही लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन प्राप्त किये गए। इस अवसर पर एसडीएम विशा माधवानी, तहसीलदार, जनपद सीईओ सहित जनप्रतिनिधि एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। केन्द्रीय मंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार ने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। जिसमें हर पात्र व्यक्ति जो लाभ से वंचित रह गए हैं उन्हें पंजीकृत कर योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इस दौरान ग्रामवासियों को संकल्प शपथ दिलाई गई। वहीं कृषि कार्य में दवा छिड़काव के लिए उपयोग होने वाले ड्रोन का प्रदर्शन किया गया और आमजन को जानकारी दी गई।

### काकुनपुरा में जनरेटर लगाकर संपन्न कराया गया कार्यक्रम

मंगलवार को इसी क्षेत्र के ग्राम काकुनपुरा में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम रखा गया था जिसमें अव्यवस्था देखने को मिली। दरअसल काकुनपुरा में प्रशासन को संकल्प यात्रा का कार्यक्रम जनरेटर लगाकर संपन्न कराना पड़ा। बताया गया है कि गांव में पिछले 24 घंटे से बिजली नहीं थी और कार्यक्रम होने तक बिजली नहीं आई जिसके बाद जनरेटर लगाकर कार्यक्रम कराया गया। इसके अलावा कार्यक्रम में अपनी मांगें लेकर पहुंची गांव की महिलाओं को भी तवज्जो नहीं दी गई, वे केन्द्रीय मंत्री के सामने अपनी बात नहीं रख सकीं। यहां तक कि एक पुराने भाजपा कार्यकर्ता को भी सांसद के पास जाने नहीं मिला।

# समिति प्रबंधक ने किया करोड़ों का गबन

### ग्रामीणों ने लगाए आरोप

**छतरपुर।** लवकुशनगर क्षेत्र के ग्राम छठी बम्हौरी के ग्रामीणों ने मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर को एक शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि गांव की सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक द्वारा गांव के दो दर्जन से अधिक किसानों के फर्जी केसीसी बनाकर करोड़ों की राशि का गबन किया गया है।



ग्रामीण अखिलेश सोनी के मुताबिक जिन किसानों के केसीसी बनाए गए उन्हें इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है। समिति प्रबंधक रामकरण मिश्रा ने फर्जी तरीके से किसानों को जानकारी दिए बगैर उनके नाम से केसीसी बनाकर करोड़ों की राशि हड़प ली। कलेक्टर को शिकायती आवेदन देकर ग्रामीणों ने मामले की जांच कराकर समिति प्रबंधक और फर्जीवाड़े में शामिल अन्य विभागीय अधिकारियों पर कार्यवाही कराने की मांग की है।

# भाजपा विधायक के खिलाफ पुलिस कर्मियों का फूटा आक्रोश

## एसपी को भेजा पत्र - बोले जिल्लत की नौकरी से बेहतर है पुलिस लाइन

मऊगंज के भाजपा विधायक के विरुद्ध जनता ही नहीं प्रशासनिक अधिकारी/कर्मचारी भी ना खुश रहते है। बीते पांच साल से उनकी जो भी कार्यप्रणाली नजर आई तो उसमें जनहित नही अपराधी हित ही नजर आई। अपराधियों को संरक्षण देने का कई बार आरोप उन पर लग चुका है।

रीवा।

यह अलग बात है कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की लाड़ली बहना योजना और पीएम मोदी की लहर ने एक बार फिर उनकी सिर पर विधायक का ताज पहना दिया वरना आंधी कांग्रेस प्रत्याशी सुखेंद्र सिंह बन्ना की चल रही थी। बीते पांच मऊगंज के भाजपा विधायक धरना-प्रदर्शन में बिता दिये, चाहे वह परिवहन नाके में हो या फिर मऊगंज थाना सहित अन्य प्रशासनिक कार्यालयों में। धरना प्रदर्शन के पीछे का रहस्य क्या था यह तो शोध का विषय है। लेकिन शाहपुर थाना में विधायक ने जो धरना-प्रदर्शन किया और जिम्मेदार अधिकारी एएसपी मऊगंज मुन्नालाल चौरसिया सहित एसपी ने जो निर्णय लिया




उससे पुलिस महकमें में आक्रोश की लहर फैल गई। पुलिस कर्मियों का सीधा आरोप है कि मऊगंज विधायक भू माफिया और अपराधियों को संरक्षण दे रखा है। एक भू माफिया के कोप से बुजुर्ग महिला को बचाने का पुलिस यदि यही खामिजा भुगतती है तो इस जिल्लत की नौकरी से बेहतर पुलिस लाइन में ही रहकर नौकरी काटनी सही है। शाहपुर थाना के शेष पुलिसकर्मियों ने लामबंद होकर एसपी को पत्र भेज दिया और स्पष्ट कहा है कि इस जिल्लत की नौकरी से अच्छी पुलिस लाइन की नौकरी है, अतः हम लोगों को पुलिस लाइन भेजा जाये। सामूहिक पत्र में इस बात का जिक्र है कि भू माफिया के पक्ष में धरना प्रदर्शन पर बैठे विधायक के दबाव में आकर जिस तरह से निर्णय लिया गया वह सरासर गलत है। इस निर्णय से पूरा थाना स्टाफ मानसिक एवं शारीरिक रूप से अपमानित महसूस कर रहा है। थाना क्षेत्र के आमजन मानस द्वारा थाना परिसर में एंव क्षेत्र में पुलिस को देखकर उपहास उड़ाया जा रहा है, जिससे पूरा पुलिस स्टाफ अपमानित महसूस कर रहा है। एसपी को भेजे गये पत्र में एएसआई से लेकर आधा दर्जन से ज्यादा आरक्षकों के हस्ताक्षर बने हुए है। बताते चले कि थाना क्षेत्र के ग्राम राजाधौ में एक बुजुर्ग महिला की जमीन पर कुछ लोग अतिक्रमण कर रहे थे। जिसकी शिकायत बुजुर्ग महिला ने थाना में की, थाना प्रभारी ने आरोपित लोगों को पहले बुलाकर समझाया लेकिन उनके सिर पर विधायक हाथ था। थाना प्रभारी की समझाइस को दरकिनार कर बुजुर्ग महिला की जमीन पर लगे पेड़ को काट कर घर बनवाने लगे। इस बात की शिकायत आने पर थाना प्रभारी ने दोनो आरोपियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाही कर न्यायालय में पेश कर दिया था। जिससे माननीय विधायक जी खफा हो गये और थाना के सामने आकर धरने पर बैठ गये। आश्चर्य की बात तो यह है कि मऊगंज एएसपी मुन्नालाल चौरसिया भी न्याय और अपने पुलिस बल का साथ न देकर अपनी कुर्सी बचाने के लिए थाना प्रभारी शाहपुर सहित चार पुलिस कर्मियों की कुर्सी और खाकी की गरिमा की माननीय के इशारे पर आहुति दे डाली।

# नगर पालिक निगम द्वारा चलाया गया श्री राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विशेष स्वच्छता श्रमदान





रीवा।

आज दिनांक 16/01/24 को माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 14 से 22 जनवरी तक चलाएं जा रहे श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर शहर के धार्मिक स्थल वार्ड क्रमांक 39 रानी तालाब मंदिर परिसर में विशेष स्वच्छता श्रमदान का कार्यक्रम किया गया जिसमे माननीय नगर निगम अध्यक्ष वेंकटेश पांडेय जी, पार्षद कबीर पासा विशिष्ट अधिकारी नागरिकों द्वारा विशेष स्वच्छता श्रमदान किया गया जिसमें सभी उपस्थित लोगों द्वारा मिलकर मन्दिर परिसर की सफाई की गई एवं वहां पर उपस्थित लोगों को अपने सभी धार्मिक स्थलों का रखरखाव एवं सहयोग बनाए रखने के लिए आग्रह किया गया। एवं वार्ड क्रमांक 22 हनुमान मंदिर परिसर में विशेष स्वच्छता श्रमदान का कार्यक्रम किया गया जिसमे अधिकारियों एवं नागरिकों द्वारा विशेष स्वच्छता श्रमदान किया गया जिसमें सभी उपस्थित लोगों द्वारा मिलकर मन्दिर परिसर की सफाई की गई साथ ही स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरुक भी किया गया एवं अपने आस-पास के परिसर को साफ स्वच्छ बनाए रखने की अपील की गई साथ ही स्वच्छता शपथ भी कराई गई और लोगों को समझाइस दी गई की अपने शहर को साफ सुथरा बनाए रखने में हर नागरिक जनभागीदारी निभाए।इस गतिविधि में जोन के एसआई, वार्ड दरोगा, सफाई मित्र, आईईसी टीम, रेमकी सुपरवाइजर एवं अन्य विशिष्ट नागरिकगण उपस्थित रहे।





# दुख, सुख से नहीं मिटता दुख मिटता है अज्ञानता के मिटने सेः विशाल द्विवेदी

रीवा।

ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा में मंगलवार को पशुपतिनाथ फाउंडेशन द्वारा नशा, आत्मचिंतन, लक्ष्य, निर्भरता और डिप्रेशन को लेकर व्याख्यान आयोजित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्य डॉ. अर्पिता अवस्थी, फाउंडेशन की अध्यक्ष कुसुम सिंह, नीरज सिंह, अध्यापक वर्ग एंव छात्र-छात्रायें मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए पशुपतिनाथ फाउंडेशन के डायरेक्टर विशाल द्विवेदी द्वारा कहा गया कि दुख, सुख से नहीं मिटता है, दुख मिटता है अज्ञानता के मिटने से और अज्ञानता शिक्षा से जाती है, शिक्षित वर्ग अज्ञान नहीं हो सकता है। आज कल के युवा नशा और डिप्रेशन की ओर अग्रेसित होते जा रहे है और सच्चाई से दूर होते जा रहे है। इसके बचने का उपाय श्रीमत भगवत गीता एवं वेदांत है जिसको ग्रहण करना सभी को आवश्यक है। इसी प्रकार मोटीवेशन एक जहर की तरह है जो युवा वर्ग नशे को अपने करीब जा रहे हैं उनको मैं बताना चाहता हूँ कि नशा कुछ क्षण के लिए आनंद तो देता है लेकिन आगे चलकर जीवन को अंधकारमय कर देता है। सही लक्ष्य दूसरों को देख कर नहीं बनता, सही लक्ष्य अपनी अर्तआत्माओं और अपने स्वविवेक से बनता है। सही लक्ष्य को उत्साहवर्धन से हासिल नहीं किया जा सकता है सही लक्ष्य पाना हो तो उसके लिए ज्ञानवर्धन करने की आवश्कता होती है। इतना ही नहीं जो व्यक्ति रोजी रोटी के लिए दूसरों पर निर्भर होगा उसके साथ अत्याचार होना स्वभाविक है। लोग कहते है कि बहुत आत्म सम्मान है मेरे अंदर मगर जब आप दूसरों पर निर्भर हैं तो आत्म सम्मान कहां रह गया।

# प्राचार्य शाउमा विद्यालय मझिगवां को कारण बताओ नोटिस जारी

## कलेक्टर मऊगंज द्वारा एक सप्ताह के अंदर स्पष्टीकरण मांगा गया

मऊगंज ।

कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव द्वारा हनुमना विकासखंड अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मझिगवां का अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग हनुमना जिला मऊगंज दिनांक 12 एक 2024 को निरीक्षण प्रतिवेदन केअनुसार अव्यवस्था पाई गई। जिसमें पुस्तकालय में पुस्तक का रखरखाव सही ढंग से नहीं पाया गया। पुस्तकालय में विद्यार्थियों को बैठकर पढ़ने की व्यवस्था और पुस्तकालय धूल से गंदा होना पाया गया। जिससे यह प्रतीत होता है कि पुस्तकालय के उपयोग नहीं किया जाता है। विज्ञान प्रयोगशाला के निरीक्षण से यह ज्ञात हुआ कि उक्त प्रयोगशाला का नियमित उपयोग नहीं किया जा रहा है। साथ ही प्रयोगशाला मौके में बंद पाई गई जिससे यह प्रतीत होता है। कि छात्रों का प्रयोगशाला में प्रशिक्षण नहीं दिया जाता है। खेल सामग्री के अभाव से यह प्रतीत होता है कि छात्रों के बीच खेल की गतिविधियां सुचारू रूप से विद्यालय में संचालित नहीं होती हैं। विगत शिक्षण सत्र का बोर्ड परिणाम के अवलोकन से ज्ञात हुआ कि विद्यालय में विगत सत्र का परीक्षा परिणाम 29 प्रतिशत रहा। जो की अत्यंत निम्न था जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि अध्यापकों द्वारा पठन-पाठन का के कार्यों में रुचि नहीं ली जाती है। आईटीसी के संसाधनों एवं विद्युत व्यवस्था सुनियोजित होना नहीं पाया गया। विद्यालय परिसर में साफ सफाई, पानी की व्यवस्था सुनसंयोजित नहीं पाई गई। उक्त कर्त्य घोर लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता एवं अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। तथा मध्य प्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के उप नियम में प्रावधानित नियमों के प्रतिकूल होने से मध्य प्रदेश सिविल सेवा( वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1965 के उपनियम मे प्रावधानित नियमो के प्रतिकूल होने से मध्य प्रदेश सिविल सेवा नियम 1966 के तहत दण्डनीय है। इस पत्र प्राप्ति के एक सप्ताह के अंदर अपना स्पष्टीकरण उक्त बिंदुओं के साथ में प्रस्तुत करें ,अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय निर्णय लिया जाकर आयुक्त रीवा संभाग रीवा को अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रस्ताव भेजा जाएगा।



## कलेक्टर की अध्यक्षता में देवतालाब शिव मंदिर प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न

# विभिन्न कार्य योजनाओं पर की गई चर्चा

मऊगंज ।

जिले के कलेक्टर अजय श्रीवास्तव की अध्यक्षता में मंगलवार 16 जनवरी को देवतालाब शिव मंदिर प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमे 22 जनवरी को आयोजित होने जा रहे वृहद कार्यक्रम के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। वहीं लोगों से धार्मिक कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया गया। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों, व्यापारियों द्वारा दीपोत्सव कार्यक्रम के साथ धार्मिक अनुष्ठान, भजन, कीर्तन एवं भंडारे के आयोजन हेतु बात रखी गई। साथ ही कलेक्टर श्रीवास्तव द्वारा पर्यटन विभाग द्वारा बनाए जा रहे शिव मंदिर परिक्रमा क्षेत्र एवं अन्य निर्माण कार्यों का जायजा लिया गया। एवं बेहतर निर्माण कार्य के साथ अन्य सुविधाजनक निर्माण कार्यों को कराए जाने के निर्देश दिए। मंदिर के उत्तरी छोर के मुख्य दरवाजे पर सीढ़ी के निर्माण के साथ बड़ा दरवाजा के साथ एक छोटा दरवाजा भी लगाए जाने हेतु निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया गया। इस दौरान शिवकुण्ड की सफाई हेतु निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीवास्तव द्वारा व्यापारियों की बैठक लेकर कहा गया की पॉलिथीन की जगह बांस की बनाई गई छोटी-छोटी टोकनियों में प्रसाद देवें, जिससे प्रदूषण से मुक्ति मिलेगी वहीं बांस शिल्पकारों को आर्थिक मजबूती मिलेगी। और लघु कुटीर उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। शिव मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुन्ना लाल चौरसिया, एसडीएम मऊगंज बीके पांडेय, तहसीलदार मऊगंज सौरव मरावी, प्रभारी तहसीलदार देवतालाब, मानसिंह आर्मो ,स्थानीय सरपंच सरिता सिंह, आनंद सिंह ,सुरेंद्र सिंह चंदेल, दीपेश बढ़ौलिया, अखिलेश सिंह, महेंद्र सिंह अतरैला, नारायण गुप्ता, वीर बहादुर सिंह, केके मिश्रा ,डॉ ब्रह्म प्रकाश शुक्ला, शिवकुमार शुक्ला, राजेश कठेल सहित मंदिर के पुजारी व्यापारी गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।



# देव तालाब शिव मंदिर में 22 जनवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए बैठक संपन्न

रीवा !

कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव की अध्यक्षता में देवतालाब शिव मंदिर प्रबंध समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में 22 जनवरी को आयोजित होने वाले वृहद कार्यक्रम के बारे में विस्तृत में चर्चा की गई। बैठक में लोगों से धार्मिक कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया गया। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों, व्यापारियों द्वारा दीपोत्सव कार्यक्रम के साथ धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन एवं भंडारे के आयोजन की बात कही गई।

इस दौरान कलेक्टर ने पर्यटन विभाग द्वारा बनाए जा रहे शिव मंदिर परिक्रमा क्षेत्र एवं अन्य निर्माण कार्यों का जायजा लिया गया तथा बेहतर निर्माण कार्य के साथ अन्य सुविधाजनक निर्माण कार्यों को कराने के निर्देश दिए मंदिर के उत्तरी छोर के मुख्य दरवाजे पर सीढ़ी के निर्माण के साथ बड़े गेट के साथ एक छोटा गेट भी लगाए जाने के लिए निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया गया। शिवकुण्ड की सफाई के लिए भी निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने व्यापारियों से पॉलिथीन की जगह बांस की बनाई गई छोटी-छोटी टोकनियों में प्रसाद देने की बात कही। इससे प्रदूषण से मुक्ति मिलेगी और बांस शिल्पकारों को आर्थिक मजबूती भी मिलेगी। साथ ही लघु और कुटीर उद्योग को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके बाद शिव मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुन्नालाल चौरसिया, एसडीएम मऊगंज बीके पाण्डेय, तहसीलदार मऊगंज सौरव मरावी, प्रभारी तहसीलदार देवतालाब मानसिंह आर्मो, स्थानीय सरपंच सरिता सिंह सहित आनंद सिंह, सुरेंद्र सिंह चंदेल, दीपेश बढ़ौलिया, अखिलेश सिंह, महेंद्र सिंह, नारायण गुप्ता, वीर बहादुर सिंह, केके मिश्रा डॉ ब्राम्हप्रकाश शुक्ला, शिवकुमार शुक्ला, राजेश कठेल तथा मंदिर के पुजारी, व्यापारी, गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## ठेकेदार की लापरवाही से निर्माणाधीन मकान में काम कर रहे श्रमिक की करंट लगने से हुई मौत

रीवा।

शहर के चिरहुला कॉलोनी में निर्माणाधीन मकान में काम कर रहा श्रमिक हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। श्रमिक को नाजुक अवस्था में 11 जनवरी को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। अस्पताल चौकी पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक श्रमिक रघुराई साकेत निवासी मझौली जिला सीधी को ठेकेदार के लोगों ने करंट लगने के बाद संजय गांधी अस्पताल में उपचार लिए भर्ती कराया था जहां गंभीर रूप से घायल हुए को श्रमिक रश्रमिक की मौत हो गई ई। सोमवार का पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया है। वही श्रमिक के परिजन रवि कुमार साकेत ने बताया कि वो 11 जनवरी को मझौली सीधी से ठेकेदार के पास पैसा लेने आए थे, इसी बीच उन्हें चिरहुला के पास काम मिल गया और वो काम में लग गए। दोपहर दो बजे के करीब वो छत में थे जहां 33 हजार केवी की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गए। उन्होंने ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस से गंभीरता से जांच की मांग की है। बताया गया कि उन्हें फोने से उनके रिश्तेदार ने जानकारी दी। वहीं अब ठेकेदार सहित कोई आदमी फोन नहीं उठा रहा है। पुलिस पूरे मामले में मर्ग कायम कर जांच में जुटी हुई.

## खबर संक्षेप

### परिवहन विभाग ने स्कूलों में जाकर मनाया सड़क सुरक्षा सप्ताह



**रीवा ।** परिवहन विभाग रीवा द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत स्कूलों में जाकर नौवीं से लेकर 12 बारहवी तक के छात्रो के बीच यातायात और सड़क सुरक्षा के संबंध में दी जानकारी, जिसमें छात्रो को यह समझाया गया कि हमारे जीवन में हेलमेट कितना महत्वपूर्ण है। हेलमेट पहनकर कैसे दुर्घटनाओ में होने वाली हानि से बचा जा सकता है। शरीर का सबसे संवेदनशील अंग हमारा सर होता है और इसे हेलमेट लगाकर हम सुरक्षित वाहन चालन कर सकते है।छात्रों को यह बताया गया कि आप लोग भी जब 18 वर्ष के पूरे हो जाओगे तो अपना लाइसेंस बनवाकर मोटरसाइकिल और चार पहिया वाहन चलाने के पात्र हो सकोगे।छात्रों को यह बताया गया कि वाहनों के किन दस्तावेज़ो का क्या महत्व है साथ ही आप अपने घर के किसी भी सदस्य को बिना हेलमेट के वाहन चलाने से रोकेंगे और आगे चलकर ख़ुद भी यह ज़िम्मेदारी निभाकर अपने देश के सच्चे नागरिक बनेंगे। परिवहन विभाग द्वारा छात्रों को यातायात से संबंधित सिम्बलो की पहचान करायी गई।उन्हें स्वच्छ रहने और स्कूल घर एवं अपने आस पास की जगह को साफ़ सुथरा रखने की समझाइस भी दी गई।आज की यह कार्यशाला रीवा इंटरनेशनल स्कूल और सेंट मैरी स्कूल में की गई जिसमे रीवा आर टी ओ के साथ परिवहन सुरक्षा स्क्वाड चेकपोस्ट चाकघाट और चेकपोस्ट हनुमना के स्टाफ़ ने सहभागिता की।स्कूल में बच्चों को चाकलेट और बिस्किट का वितरण किया गया साथ ही स्कूल में मौजूद बसों के दस्त्वेज़ो की भी जाँच की गई।परिवहन सुरक्षा स्क्वाड द्वारा 13 मालवाहनो को नियम विरुद्ध चलते पाये जाने पर उनके ख़िलाफ़ चालानी कार्यवाही भी की गई।

### नगर निगम द्वारा साफ़ सफाई अभियान निरंतर जारी



**रीवा।** निगमायुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत साफ-सफाई का कार्य निरंतर कराया जा रहा है। आज वार्ड 02 दोही हरिजन बस्ती में नालियों की सफाई, वार्ड 40 हरिजन बस्ती औसेरी की पुलिया से नीचे तरफ का बड़ा नाला तल्ली से खुदवाकर निकलवाया गया साथ ही कचरे का उठाव कराया गया। वार्ड 37 उपरहटी किला के अंदर सफाई कराई गईं वार्ड 22 विन्ध्यांचल कालेज के पूरे एरिया में सफाई, वार्ड 15 जेएनसिटी चौराहा से लेकर नहर तक मेंन रोड़ की सफाई कराई गई। वार्ड 09 निराला नगर में सरस्वती स्कूल एरिया की सफाई के साथ ही टैम्पो एवं टैक्टर द्वारा कचरे का उठाव कराया गया। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी श्री बालगोविन्द्र चतुर्वेदी एवं मुरारी कुमार द्वारा शहर में भ्रमण कर सफाई कार्य एवं कचरा उठाव कार्य का निरीक्षण लगातार किया जा रहा है।

### रॉयल राजपूत संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री हुए सम्मानित



**रीवा ।** रॉयल राजपूत संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री वृजेश सिंह 'पिंकू' लगातार संगठन के पद में रहते हुए निरंतर समाजसेवा के क्षेत्र में प्रयासरत रहे जब हमारा देश विश्व महामारी कोरोना वायरस से जूझ रहा था उस वक्त उनके व उनके टीम के द्वारा निरंतर जिले के अंदर गली मोहल्ले और ग्रामीण क्षेत्रो में भी लोगों को हर संभव मदद पहुंचाते रहे है चाहे वह खाने की सामग्री हो, चाहे वह मेडिसिन की सामग्री हो और चाहे आर्थिक मदद रही हो करते रहे जिसको देखते हुए ''श्री जी कान्हा ग्लोवल फाउंडेशन'' सतना के द्वारा रीवा के रॉयल पैलेस में एक आयोजन कर सम्मानित किया गया। संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री के सम्मानित होने पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने वधाई प्रेषित करते हुए शुभकामनाए दी।